आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 13.05.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में नौ राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश की 96 सीटों का मतदान शांतिपूर्वक संपन्न। शाम पांच बजे तक 62 दशमलव तीन–एक प्रतिशत मतदान दर्ज।
- चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा सिर्फ तीन दिनों में डेढ़ लाख पार।
- देश में पहली जुलाई से लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों पर देहरादून में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं कक्षा के नतीजे घोषित किए।

लोकसभा चुनाव

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में आज नौ राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश की 96 संसदीय सीटों के लिए वोट डाले जा रहे हैं। प्राप्त आंकड़ो के अनुसारशाम पांच बजे तक कुल 62 दशमलव तीन–एक प्रतिशत मतदान हुआ है। अंतिम आंकड़े आना अभी शेष है। चौथे चरण में आंध्र प्रदेश की 25, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल की आठ–आठ सीटें, बिहार की पांच तथा झारखंड और ओडिसा की चार–चार सीट शामिल हैं। जम्मू–कश्मीर की एक सीट के लिए भी आज मतदान हो रहा है। इस चरण में कुल एक हजार सात सौ 17 उम्मीदवार मैदान हैं। प्रमुख उम्मीदवारों में केन्द्रीय मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह, अर्जुन मुण्डा, जी. किशन रेड्डी, अजय कुमार मिश्रा, जनता दल युनाईटेड के राजीव रंजन सिंह, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा और शत्रुघ्न सिन्हा शामिल हैं।

चारधाम आंकड़े

चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा सिर्फ तीन दिनों में डेढ़ लाख के पार हो गया है। अब तक एक लाख चौवन हजार पांच सौ अट्ठासी श्रद्धालुओं ने इन पवित्र तीर्थस्थलों के दर्शन किये हैं। यात्रा के प्रति श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। प्राप्त आंकड़ो के अनुसार 75 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने केदारनाथ धाम के दर्शन किये हैं। वहीं, बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने पर पहले ही दिन में 22 हजार 960 तीर्थयात्रियों ने भगवान बदरी विशाल के दर्शन किये। उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में 56 हजार 700 से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे हैं।

पंजीकरण

इस बीच, चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पच्चीस लाख के पार पहुंच गई है। केदारनाथ के लिए लगभग आठ लाख साठ हजार, जबकि बदरीनाथ धाम के दर्शन के लिए सात लाख पैंसठ हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण किया है। साथ ही यमुनोत्री धाम के लिए करीब चार लाख और गंगोत्री धाम के दर्शन के लिए साढे चार लाख से अधिक लोगों ने अब तक अपना पंजीकरण कराया है।

## कैलाश और ओम पर्वत यात्रा

प्रदेश में आदि कैलाश और ओम पर्वत की यात्रा शुरू हो गई है। कुमाऊं मंडल विकास निगम–केएमवीएन के महाप्रबंधक विजयनाथ शुक्ल ने आज नैनीताल जिले के काठगोदाम से यात्रा के पहले दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व यात्रा करने आए श्रद्धालुओं का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। केएमवीएन के महाप्रबंधक ने बताया कि पहले दल में 49 यात्री हैं, जो 8 दिनों में आदि कैलाश और ओम पर्वत की यात्रा के साथ–साथ कुमाऊं मंडल के विभिन्न मंदिरों के दर्शन करेंगे। यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। यात्रा के प्रति श्रद्धालुओं ने अपनी प्रतिक्रिया दी। गौरतलब है कि देशभर से 488 लोगों ने कैलाश और ओम पर्वत की यात्रा के लिए पंजीकरण किया है। कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ावो में तीर्थयात्रियों के रहने और खाने की पूरी व्यवस्था की गई है।

## हरित ऊर्जा योजना

चमोली जिलाधिकारी कार्यालय में हरित ऊर्जा योजना के तहत पच्चीस किलोवाट के ऑनलाइन ग्रिड सोलर पावर प्लांट की स्थापना की गई है। प्लांट लगने से जिलाधिकारी कार्यालय के बिजली के बिल में कमी आएगी। योजना का उद्देश्य राज्य में हरित ऊर्जा को बढावा देते हुए राज्य पर बढ़ रहे ऊर्जा भार को कम करना है। उरेडा के परियोजना अधिकारी सौरभ कुमार ने बताया कि जिले में हरित ऊर्जा योजना को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## वार्तालाप

देश में पहली जुलाई से लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानूनों पर देहरादून में मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' का आयोजन किया गया। पत्र सूचना कार्यालय–पी.आई.बी देहरादून की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में पत्रकारों को तीन नए आपराधिक कानूनों की जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में जानकारी दी। श्री कुमार ने बताया कि संसद द्वारा पारित इन तीन नए कानूनों के माध्यम से पहली बार व्यापक बदलाव किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ये तीन नए कानून अपराधिक न्याय प्रणाली के मुख्य अंग– पुलिस, अभियोजन, जेल प्रणाली और न्यायपालिका को प्रभावित करेंगे। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि इन कानूनों के जरिए भारतीय न्याय संहिता में 190 छोटे–बड़े बदलाव किए गए हैं। साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 360 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में 45 बदलाव किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में सभी अधिकारियों और पुलिस बल को इन कानूनों का प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया गया है। वार्तालाप में पीआईबी नई दिल्ली की महानिदेशक प्रज्ञा पालिवाल गौड ने कहा कि इन तीन नए कानूनों का लक्ष्य किसी को दण्ड देना नहीं, बल्कि न्याय देना है। उन्होंने कहा कि ये नए कानून पूरी तरह से नागरिकों पर केंद्रित है, जिसमें महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों के लिए व्यापकता के साथ कानून बनाए गए हैं।

## परीक्षा परिणाम

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने आज दसवीं और बारहवीं कक्षा के नतीजे घोषित किए। सीबीएसई ने एक बयान में कहा है कि 12वीं में कुल 87 दशमलव नौ–आठ प्रतिशत छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। यह प्रतिशत पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव छह–पांच प्रतिशत अधिक है। 24 हजार से अधिक उम्मीदवारों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं और एक लाख 16 हजार से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत लड़कों की तुलना में छह दशमलव चार–शून्य प्रतिशत अधिक है। 10वीं बोर्ड परीक्षा में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 93 दशमलव छह–शून्य

रहा। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 94 दशमलव सात–पांच है, जबकि लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92 दशमलव सात–एक है। परिणाम बोर्ड की वेबसाइट www.cbseresults.nic-in अथवा www.cbse.gov.in के साथ–साथ डिजीलॉकर और उमंग ऐप्स पर भी देखे सकते हैं।

## आवेदन

उत्तराखण्ड बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्रों के पास उत्तीर्ण होने का एक और मौका है। बोर्ड ने अनुत्तीर्ण छात्रों से चौबीस मई तक अंक सुधार परीक्षा के आवेदन मांगे हैं। बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में दो और बारहवीं की परीक्षा में एक विषय में अनुत्तीर्ण छात्र अंक सुधार परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन संबंधित विद्यालय से किया जा सकता है। परीक्षा जुलाई–अगस्त के महीने में आयोजित कराए जाने की संभावना है।

## स्कॉच ग्रुप की रिपोर्ट

सामाजिक–आर्थिक मुद्दों के विश्लेषण से संबंधति स्कॉच ग्रुप ने दावा किया है कि वर्ष 2014 से 2024 तक प्रतिवर्ष औसतन पांच करोड चौदह लाख रोजगार अवसर सृजित हुए हैं। स्कॉच ग्रुप ने आज नई दिल्ली में अपनी रिपोर्ट जारी की। ग्रुप ने वर्ष 2014 से 2024 की अवधि के दौरान किए गए सरकारी और निवेशगत उपायों का अध्ययन किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि निवेशगत उपायों से प्रतिवर्ष औसतन तीन करोड सोलह लाख रोजगार सृजित हुए, वहीं सरकारी हस्तक्षेप से एक करोड 98 लाख रोजगार अवसर सृजित हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार इस दशक के दौरान कुल 51 करोड चालीस लाख रोजगार सृजित हुए।